अतिआवश्यक /समयबद्व

संख्याःशिक्षा–शिमला(1–6)9/2019 आडिट–
कार्यालय उप निदेशक उच्चतर शिक्षा
शिमला जिला शिमला–171001
दिनांक शिमला–171001

Dy. Director of Higher Education
246937 – 247342
24 JUL 2019
Shimla-1

सेवा में

समस्त प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक,
रा0व0मा0पा0/रा0उ0पाठशाला
जिला शिमला

विषयः– असमायोजित आडिट पैरों के समायोजन हेतु तदर्थ समिति की बैठक बारे।

ज्ञापन,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि शिमला जिला के अन्तर्गत आने वाली अधिकांश पाठशालाओं के चिरकाल से आडिट पैरे लम्बित पड़े हैं व अधिकांश पाठशालाओं द्वारा लम्बित आडिट पैरों के निपटाने बारे कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की जा रहीं। कुछ पाठशालाओं के लम्बित पडे आडिट पैरे वर्षो पुराने हैं व सम्बन्धित पाठशालाओं द्वारा ऐसे पैरों को निपटाने बारे कोई भी आवश्यक कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है जिस कारण लम्बित आडिट पैरों का समायोजन नहीं हो पा रहा है। अतः इस सन्दर्भ में आपको निर्देश दिये जाते हैं कि आपकी पाठशाला के सम्बन्धित सहायक/लिपिक(आडिट) की उपस्थिति दिनांक **29/07/2019 से 09/08/2019** के दौरान अपने कार्यालय के लम्बित आडिट पैरों, पैरों बारे की गई कार्यवाही व लम्बित आडिट पैरों से सम्बन्धित कार्यालय अभिलेख, आडिट रिपोर्ट व सटिप्पण उत्तर की प्रति सहित (संलग्न प्रपत्र। व।। अनुसार) इस कार्यालय में सुनिश्चित करें ताकि 25 व 26,सितम्बर 2019 को निदेशालय में होने वाली तदर्थ समिति की बैठक में अधिक से अधिक असमायोजित आडिट पैरों का समायोजन किया जा सके व साथ ही यह भी निर्देश दिये जाते हैं कि उक्त तदर्थ समिति की बैठक में आप अपनी उपस्थिति लम्बित पैरों से सम्बन्धित मूल दस्तावेजों सहित सुनिश्चित करें । जिन पाठशालाओं का आडिट नहीं हुआ है या लम्बित आडिट पैरे नहीं हैं वे पत्र द्वारा ही इस कार्यालय को सूचित करें।

इसे अतिआवश्यक समझें । किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा निष्क्रियता का गम्भीर नोटिस लिया जायेगा तथा कार्य निष्पादन में लापरवाही बरतने के लिये उत्तरदायी अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्व विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

नोटः जिन पाठशालाओं के लम्बित आडिट पैरे हैं केवल उन पाठशालाओं के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक/डी0डी0ओ0 ही बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

उप निदेशक उच्चतर शिक्षा
शिमला जिला शिमला–1

पृष्ठांकन संख्याः सम दिनांक शिमला–171001
प्रतिलिपिः–
1.शिक्षा निदेशक हि0प्र0 शिमला–1
2.रक्षक नस्ति।

उप निदेशक उच्चतर शिक्षा
शिमला जिला शिमला–1

प्रपत्र– I

क्रम संख्या	लेखा परीक्षा एवम् निरीक्षण टिप्पणी अवधि	कुल पैरे	समायोजित पैरे	असमायोजित पैरे (पैरा संख्या अनुसार)	असमायोजित पैरे का सक्षिप्त विवरण

प्रपत्र– II (लम्बित पैरों के सटिट्पण उत्तर हेतु)

लेखा परीक्षा एवम् निरीक्षण टिप्पणी अवधि	पैरा संख्या	लम्बित पैरे का पूर्ण विवरण	सट्टिपण उत्तर	उप निदेशक कार्यालय की टिप्पणी